Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct barrage on Wainganga river and dams on its tributaries in Gadchiroli district, Maharashtra-Laid.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): आज देश नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण इन क्षेत्रों का अविकसित होना ही है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वागीण विकास करके वहां के लोगो को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाए तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

मेरा संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली भी इससे अछूता नहीं है। यह क्षेत्र देश का सर्वाधिक पिछड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां के गरीब आढिवासी किसान सिंचाई की सुविधा से वंचित है। इस क्षेत्र मे वर्षभर बहने वाली वेनगंगा नढी पर वडसा- कुरुड के निकट बैरेज और इसकी उप-नदियो में सिचाई के लिए बांथरो (बांध) की स्थापना करके इस क्षेत्र के किसानो को समृद्ध बनाया जा सकता है।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित महाराष्ट्र राज्य के आदिवासी बाहुल्य संसदीय क्षेत्र गढ़चिरोली - चिमूर में वर्षभर बहने वाली वैनगंगा नदी पर वडसा- कुरुड के निकट बैरेज और इसकी उपनदिया मे सिचाई के लिए बांथरो (बांध) की स्थापना किए जाने की आवश्यक पहल करे।